निदेशालय
गृह रक्षा,राजस्थान,जयपुर

प्लाट सं. 4/1/10–11ए सेक्टर–4, विद्याधर नगर, जयपुर
फोन :– 0141–2612591, ,फैक्स : 0141–2613407, ई–मेल : cd.hghq.rj@nic..in
Website : http://home.rajasthan.gov.in/

क्रमांक : निगृर/गो.प्र./ए–8/2012 दिनांक :

स्थाई आदेश सं. 06/2023

प्रायः यह देखने में आता है कि गृह रक्षा विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ सेवा के लोकसेवकों द्वारा वार्षिक कार्य मूल्यांकन की पूर्ति एवं अवलोकन राजकाज पोर्टल के माध्यम से समय पर नही किया जा रहा है, जिससे सामान्य राजकार्य बाधित हो रहा है। अधिकारियों/कर्मचारियों की पदोन्नति, अवार्ड–रिवार्ड, महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं प्रशस्ति डिस्क आदि कार्य पूर्ण करने के लिऐ सूचना संकलन में असुविधा उत्पन्न होती हैं।

अतः गृह रक्षा विभाग के सभी प्रभारी अधिकरियों यह दायित्व होगा कि वह अपने अधीन पदस्थापित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन की पूर्ति/अवलोकन कार्य अपने समक्ष सम्पन्न करायेगे।

अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी अपने अधीनस्थ समस्त लोकसेवकों की गत् वित्तीय वर्ष के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन समय पर पूर्ण करवाकर सूचना चालू वित्तीय वर्ष के माह 01 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य निम्नानुसार दिये गये निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणित कर भिजवाया जाना सुनिश्चित करेगे।

उदाहरण :– *गत् वित्तीय वर्ष अर्थात 2022–23 के वार्षिक कार्य मूल्यांकल की पूर्ति चालू वर्ष 2023–24 में 01 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ हो जाती है और यह प्रक्रिया माह सितम्बर–अक्टूबर 2023 तक स्वीकारकर्ता प्राधिकारी द्वारा पूर्ण कर ली जाती है। पीएआर की पूर्ति के पश्चात् सम्बन्धित लोक सेवक द्वारा स्वयं की पीएआर का अवलोकन करना होता है, अवलोकन के उपरान्त ही सम्बन्धित लोक सेवक की पीएआर गृह रक्षा विभाग के गोपनीय प्रकोष्ठ को प्राप्त होती है और राजपत्रित अधिकारियों की पीएआर को कार्मिक विभाग को भेज दिया जाता है।*

Signature Not Verified

Digitally signed by Utkal Ranjan Sahoo
Designation : Director General
Date: 2023.07.26 16:31:45 IST
Reason: Approved

वर्तमान में पीएआर का अवलोकन समय पर सम्बन्धित लोक सेवकों द्वारा नहीं किया जा रहा है, पीएआर अवलोकन करने की प्रकिया सम्बन्धित लोक सेवक की एसएसओं आई.डी. के द्वारा ही सम्भव है। प्रभारी अधिकारी सम्बन्धित कार्मिक को कार्यालय में बुलाकर अपने समक्ष यह कार्यवाही सम्बन्धित कार्मिक से पूर्ण करवायेगें।

अतः सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी को गत् वर्ष के पीएआर के अवलोकन की सूचना चालू वित्तीय वर्ष अर्थात जनवरी 2024 में 01 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य आवश्यक रूप से निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

क. स.	लोकसेवक/पिता का नाम	एपीआर वर्ष मय अवधि	पद नाम	एसएसओं आई.डी.	अवलोकन करने की दिनांक

नोट :– वित्तीय वर्ष 2021–22 के पीएआर की पूर्ति/अवलोकन कर दिनांक 30.09.2023 तक सूचना उक्त निर्धारित प्रपत्र में ई–डाक के माध्यम से ही प्रभारी, गोपनीय प्रकोष्ठ, निदेशालय, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर की एसएसओ आईडी RJJP200019000117 पर भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जावें।

(यू.आर.साहू, IPS)
महानिदेशक एवं महासमादेष्टा
गृह रक्षा, राजस्थान
जयपुर

प्रतिलिपिः– आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त गण समादेष्टा, सीमा गृह रक्षा दल, राजस्थान।
3. समस्त समादेष्टा/उप समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, राजस्थान।

महानिदेशक एवं महासमादेष्टा
गृह रक्षा, राजस्थान
जयपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Utkal Ranjan Sahoo
Designation : Director General
Date: 2023.07.26 16:31:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4376884